>

Title: Need to open Import-Export Office on Indo-Nepal border at Valmiki Nagar in Bihar.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): बिहार के मेरे संसदीय क्षेत्र वाल्मीकीनगर भारत नेपाल सीमा (प0 चम्पारण जिला) में आयात निर्यात सीमा शुल्क कार्यालय, रक्सौल (पूर्वी चम्पारण) बिहार तथा उत्तर प्रदेश के सोनौली (महाराजगंज) के तरज पर खोलने की मांग अपने पत्रांक 21/2013 दि0 22.2.2013 के माध्यम से माननीय वित्त मंत्री भारत सरकार, नई दिल्ली से किया था । चूंकि वाल्मीकी नगर क्षेत्र जो भारत नेपाल सीमा ले लगा है, जनजाति बहुल क्षेत्र है, वहां के ग्रामीणों को आवागमन हेतु भारी वाहन के परिचालन जिस प्रकार रक्सौल एवं सेनौली (महाराजगंज) में भारी वाहनों का आवा-जाही होती है, उसी प्रकार करने का अनुरोध किया था, परंतु अभी तक इसकी अनुमति नहीं दी गई है ।

अतः मैं भारत सरकार के वित मंत्रालय से मांग करता हँ कि वाल्मीकी नगर (बिहार) भारत-नेपाल सीमा पर आयात निर्यात कार्यालय शीघ्र खोलने की कार्रवाई की जाय, ताकि जनजातीय लोगों को इसका लाभ मिल सके ।